यूटीयू के कुलपति सिंह ने छात्रों से किया संवाद

उत्तर भारत लाइव ब्यूरो
uttarbharatlive.com

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को विवि से सम्बद्ध होटल मैंनेजमेंट संस्थान कुकरेजा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी, अजबपुर, देहरादून का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने संस्थान की एकेडमिक, प्रशासनिक संचालन की गतिविधियों का आंकलन किया जिसमें उनके द्वारा बीएचएमसीटी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों से संवाद किया गया तथा मैस/कीचन में जाकर छात्रों से कैटरिंग प्रबन्धन की फीड़बैक प्राप्त की। कुलपति द्वारा

» कैटरिंग टैक्नोलॉजी अजबपुर का किया

संस्थान की लाईब्रेरी, कक्षाओं, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेन्टर का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान प्लेसमेंट हुए छात्रों की जानकारी से अवगत हुए। कुलपति ने संस्थान के सेमीनार हॉल में बीएचएमसीटी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से सीधा संवाद किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने बीएचएमसीटी ही नहीं बल्कि विवि से सम्बद्ध सभी पाठ्यक्रम संचालित करने वाले कॉलेजों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने के प्रयास हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता से मेहनत करने को प्रोत्साहित किया और कहा कि अपनी योग्यता को प्रदर्शित करते हुए अपने अन्दर विश्वास पैदा करें। इस दौरान चेयरमैन हिमांशु कुकरेजा, निदेशक अनिल तालुकदार, उप निदेशक केडी सिंह, एचओडी प्रियंका धींगरा, मनीष नेगी, मनीष पॉल, अभिषेक रॉय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर करिश्मा थापा सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।